हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 27 अप्रैल 2026 [ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]



हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

## सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026

### प्रथम उपहार 1 कार



द्वितीय उपहार
3 नग बाईक



तृतीय उपहार
10 नग LED TV



चतुर्थ उपहार
5 नग फ्रीज



पांचवा उपहार
8 नग वासिंग मशीन



छठवां उपहार
15 नग गैस चूल्हा



सातवां उपहार
25 नग सिलिंग फैन



आठवां उपहार
40 नग ट्राली बैग



नवां उपहार
500 नग हॉट पॉट



दसवां उपहार
600 नग लंच बाक्स



ग्यारहवां उपहार
प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार



नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे। ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें

हरिभूमि कार्यालय : गौरव पथ, रिंग रोड नं. - 2, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-401052, मो. 7000789166

## खबर संक्षेप



### महिला के पेट से 2.5 किलो का विशाल ट्यूमर का सुरक्षित हुआ ऑपरेशन

**कोरबा।** एमजेएम हॉस्पिटल में एक महिला मरीज की बच्चेदानी में विकसित लगभग 2.2 से 2.5 किलोग्राम वजनी और 25 सेंटीमीटर से अधिक आकार के विशाल यूट्रीन फिबोइड को सुरक्षित रूप से निकालकर मरीज को नई जिंदगी दी है। लंबे समय से पेट में असामान्य सूजन, भारीपन, दर्द और हार्मोनल असंतुलन जैसी समस्याओं से जूझ रही मरीज के लिए यह सर्जरी जीवनरक्षक साबित हुई। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि एमजेएम हॉस्पिटल में ना केवल इस तरह की जटिल सर्जरी, बल्कि सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज और जांच शहर में सबसे किफायती दरों पर उपलब्ध कराई जाती है। यही कारण है कि लगातार मरीजों का विश्वास इस संस्थान की ओर बढ़ रहा है और लोगों को बड़े शहरों की ओर रुख करने की आवश्यकता कम हो रही है। अस्पताल के संचालक डॉ. प्रिंस जैन के नेतृत्व में यहां लगातार आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

### व्हीलचेयर मिलने से खिला कृष का चेहरा

**कोरबा।** ग्राम सरईसिंगार हरदीबाजार निवासी कृष जन्म से दिव्यांग हैं, जिसके कारण उनका जीवन कठिनाइयों और संघर्षों से भरा रहा। दैनिक कार्यों में असुविधा के चलते उनका जीवन बोझिल सा महसूस होता था। कृष के पिता ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन प्रस्तुत कर अपने पुत्र के लिए सहायता की मांग की थी। कलेक्टर के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ शासन के समाज कल्याण विभाग द्वारा सहायक उपकरण प्रदाय योजना के अंतर्गत 6 अप्रैल को कृष को निःशुल्क व्हीलचेयर प्रदान की गई। व्हीलचेयर मिलने के बाद कृश के जीवन में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है। अब उनके पिता उन्हें आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान ले जा पा रहे हैं और दैनिक गतिविधियाँ भी पहले की तुलना में सरल हो गई हैं।

### जनगणना : पलायन पर गए मजदूरों को वापस बुलाने कर रहे मुनादी




किरारी। ग्राम पंचायत में जनगणना कार्य को लेकर प्रगणकों की आवश्यक तैयारी बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का संचालन सुपरवाइजर अनुभव तिवारी द्वारा किया गया, जिसमें उन्होंने ग्राम भ्रमण करते हुए प्रगणकों को विभिन्न महत्वपूर्ण निर्देश दिए। साथ ही किरारी ग्राम में आबंटित मकान नंबरों की जानकारी लेकर प्रारंभिक बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में ग्राम पंचायत के सरपंच अशोक कश्यप ने जनगणना कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए सभी से जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि जो ग्रामीण पलायन या अन्य कारणों से बाहर गए हैं, उन्हें मुनादी के माध्यम से वापस ग्राम में बुलाने की व्यवस्था बनाइ गई है। ग्राम मे तीन से चार बार मुनादी करा दी गइ है ताकी पलायन करने वाले अपने घर वापस आकर जनगणना कार्य मे अपनी जानकारी दर्ज करा सके। सुपरवाइजर अनुभव तिवारी ने सभी प्रगणकों को जनगणना बुकलेट का गहन अध्ययन करने, नजरी नक्शा बनाने की विधि समझाई तथा ग्राम के प्रमुख स्थलों को प्राथमिकता के आधार पर नक्शे में दर्शाने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रगणक दीपक भानू ने भी जनगणना से संबंधित आवश्यक जानकारी साझा की। इस अवसर पर कमल कश्यप, अशोक कश्यप, भूपेन्द्र सिंह कंवर यादव, बसंत मरकाम कुंभकार सर संतोष साहू शांति लाल शुक्ला सचिव किरार) सहित पंचायत के पंच एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### विश्व मलेरिया दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

मालखरौदा। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर विकासखंड मालखरौदा अंतर्गत सभी स्वास्थ्य केंद्रों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मलेरिया से बचाव एवं नियंत्रण के संबंध में जनजागरूकता फैलाने हेतु विशेष गतिविधियां संचालित की गईं। कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य कर्मियों ने आमजन को मलेरिया के लक्षण, रोकथाम एवं उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही घर-घर जाकर लोगों को मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए। ग्रामीण क्षेत्रों में रैली, नारा लेखन, एवं जागरूकता अभियान चलाकर स्वच्छता बनाए रखने एवं पानी के जमाव को रोकने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर मच्छरदानी के उपयोग, नियमित साफ-सफाई रखने, एवं बुखार आने पर तुरंत जांच कराने की सलाह दी गई। डॉ मृत्युंजय कुमार राठौर खंड चिकित्सा अधिकारी मालखरौदा के द्वारा यह संदेश दिया गया कि समय पर उपचार एवं सावधानी बरतकर मलेरिया जैसी बीमारी से बचा जा सकता है।

## पीएचई ने गांव- गांव में कराया पानी टंकी का निर्माण

# करोड़ों खर्च करने के बाद भी ग्रामीणों को नहीं उपलब्ध करा सके शुद्ध पेयजल



पानी टंकी।



अधूरा पड़ा कार्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

पाली विकासखंड अंतर्गत आने वाले कुटेलामुडा, भरूवामुंडा, चैतमा, चारपार, नवापारा डोडकी, पटपरा, मानिकपुर, नानबांका, बड़ेबांका, रजकम्मा, ईरफ जैसे ग्राम पंचायतों में पानी टंकी का निर्माण तो कराया गया है किंतु इसे भरने के लिए बोर खनन नहीं कराया गया है। इन ग्राम पंचायत में कुल 460 हैंडपंप स्थापित हैं तथा 60 में सबमर्सिबल पंप लगाया गया है। इसमें से सभी को चालू बताया गया है इनकी देखरेख के लिए क्षेत्र में एकमात्र संविदा कर्मी पदस्थ है। बिगड़े हैंडपंपों को सुधार कार्य के लिए जन सहयोग लेना पड़ता है। जन सहयोग मिल गया तो हैंडपंप सुधर जाता है अन्यथा कई दिनों तक बंद पड़ा रहता है।

पीएचई विभाग द्वारा गांव-गांव में पानी टंकी निर्माण घर-घर नल तो सालों पहले लगवा दिया गया किंतु जल का पता अभी तक नहीं है। ग्राम पंचायत बड़ेबांका में आधा अधूरा पानी टंकी का निर्माण कराया गया है तो ग्राम पंचायत रजकम्मा में पंपहाउस बनवा दिया गया है किंतु पानी टंकी का निर्माण आज भी शुरू नहीं हुआ है। जल जीवन मिशन के तहत ग्राम साजाबाहरी में 2 साल पूर्व पानी टंकी का निर्माण हुआ वहां पर स्थित हैंडपंप से चालू भी हो गया किंतु बिजली बिल ठेकेदार द्वारा नहीं पटाया गया और ठेकेदार द्वारा ही हैंडपंप में लगा सबमर्सिबल पंप को भी निकालकर ले जाया गया है। जिसके कारण वहां पर पानी सप्लाई टंकी से नहीं हो पा रहा है। यहां पर पाइप लाइन का विस्तार पूर्ण रूप से नहीं किया गया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत कांजीपानी के आश्रित मोहल्ला घुईचुवा में लगे हैंडपंप में फ्लोराइड की मात्रा अधिक होने के कारण बंद कर दिया गया था। ग्रामीणों की मांग पर हैंडपंप को निस्तारी के लिए चलाया जाता है जिससे ग्रामीण अपना नहाना धोना करते हैं तथा पीने के लिए कुआं का पानी उपयोग करते हैं। इसी प्रकार ग्राम पंचायत राजकम्मा में स्थित हाईस्कूल में पेयजल की व्यवस्था नहीं है वहां अध्यनरत छात्र-छात्राएं यहां वहां से पानी की व्यवस्था करते हैं। विभाग का इस और ध्यान आकृष्ट कराया गया था किंतु विभाग द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया।

## अवैध शराबखोरी पर सील किया गया ढाबा



सीलबंद की कार्यवाही करती पुलिस की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

पुलिस ने अवैध गतिविधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए नेशनल हाईवे पर संचालित कंचन ढाबा को सील कर दिया है। ढाबे में अवैध शराब खोरी को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थी।

**खास बात**
- दो दिन पूर्व कंचन ढाबा के संचालक शराब खोरी में गया है जेल

जानकारी के अनुसार, दो दिन पहले ही पुलिस ने इसी ढाबे से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त की थी और ढाबा संचालक को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इसके बावजूद ढाबा संचालकों द्वारा पुलिस प्रशासन के सख्त निर्देशों की अनदेखी की गई जिसके चलते रविवार को कार्रवाई की गई। राजस्व विभाग के निर्देश पर कटघोरा पुलिस की मौजूदगी में भूमि स्वामी सुरेंद्र सिंह ने ढाबे में ताला लगाकर सील करने की कार्यवाही की गई है। कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने क्षेत्र के सभी ढाबा संचालकों को सख्त चेतावनी दी है कि यदि किसी भी ढाबे में शराब बेचने या पिलाने की शिकायत मिलती है, तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## आदिवासी समाज के विचाराधीन बंदियों को रिहा कराएगा आविप



प्रेसवार्ता का संबोधित करते समाज के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ आदिवासी विकास परिषद द्वारा घोषित 6 सूत्रीय कार्यक्रम के एजेंडा क्रमांक 1 बेगुनाह आदिवासी विचाराधीन बंदियो की रिहाई संबंधी प्रगति की जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष के. आर शाह ने बताया कि परिषद को प्राप्त जानकारी अनुसार दंतेवाड़ा जेल में बंद 520 आदिवासी विचारधीन बंदी वर्तमान में है। इनमें वर्ष 2016 से लेकर मार्च 2026 तक के बंदी है। इसी प्रकार कांकेर की जेल में 152 पुरुष व 159 महिला बंदी विचारधीन है। कांकेर जेल में भी वर्ष 2020 से मार्च 2026 तक के आदिवासी कैद में है। परिषद के विधि सलाह कार इन सभी मामलों की कानूनी समिक्षा कर रहे है। परिषद सर्वप्रथम दंतेवाड़ा जिला जेल में बंद आदिवासियों की रिहाई के लिए मई से न्यायलीन प्रक्रिया शुरु करेगा। श्री शाह ने बताया कि हम 10 मई को आदिवासी विकास परिषद की वेबसाईड का शुभारंभ अम्बिकापुर में आयोजित संभाग स्तरीय आदिवासी सामाजिक सम्मेलन में किया जायेगा। उन्होने बताया की यह वेबसाईड आदिवासी सूचना क्रांति में मिल की पत्थर साबित होगा। आदिवासी समाज का यह पहला वेबसाइड है जिसमें अधिकारी समुदाय की राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय जानकारियाँ उपलब्ध होगा। आदिवासी विकास परिषद कोरबा के कार्यकर्ता सम्मेलन व प्रशिक्षण शिविर में आय श्री शाह ने बताया की परिषद अपने कार्यकर्ताओ को प्रशिक्षण दे कर समाज सेवक के क्षेत्र में कार्य करने हेतु तैयार कर रहा है। इस प्रकार के प्रशिक्षण सभी जिलों में व ब्लॉक स्तर पर किये जायेंगे।

## डाक विभाग ने बढ़ाए रोड ट्रांसपोर्ट नेटवर्क, सेवाओं में आएगी तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राहकों को डाक सेवा का लाभ त्वरित दिलाने के उद्देश्य से डाक विभाग द्वारा रोड ट्रांसपोर्ट नेटवर्क में काफी बदलाव किए हैं। जिससे डाक विभाग से जुड़ी सेवाओं का लाभ शीघ्रता से लोगों को मिलेगा। अक्सर देखा जाता है कि जिले की ही डाक अपने ही जिले के ग्राहक को समय पर नहीं मिल पाती है। कभी कभी तो सप्ताहभर से भी ज्यादा समय लग जाता है। अब इसमें सुधार की पहल की गई है। बिलासपुर संभाग, बिलासपुर के प्रवर अधीक्षक डाकघर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार डाक सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ और तेज बनाने के उद्देश्य से 18 अप्रैल से कोरबा समेत अन्य 4 मार्गों पर स्वयं का रोड ट्रांसपोर्ट नेटवर्क शुरू किया गया है। जिसका लाभ लोगों को मिलेगा।

**खास बात**
- अब तक वैकल्पिक व्यवस्था से विभाग चला रहा था काम




फाइल फोटो

मुख्य डाकघर कोरबा के डाकपाल एसएल रात्रे ने बताया कि इस व्यवस्था से पत्र, पार्सल, स्पीड पोस्ट की डिलीवरी पहले से अधिक तेज व समयबद्ध होगी, दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों को सीधे एवं नियमित परिवहन सुविधा होगी। स्थानीय व्यापारियों एवं ई-कामर्स से जुड़े ग्राहकों को पार्सल सेवाओं में सुविधा एवं विश्वसनीयता मिलेगी। डाक सेवाओं की निगरानी एवं संचालन अधिक प्रभावी होगा, जिससे शिकायतों में कमी आएगी। मेल ट्रांसमिशन में देरी कमहोगी, जिससे ग्राहकों को त्वरित सेवा मिलेगी। जिसमें बिलासपुर से कोनी, रतनपुर, पाली, कटघोरा, पोड़ी उपरोड़ा, जमनीपाली, बालकोनगर, कोरबा हेड आफिस व भैसमा तक, बिलासपुर से सकरी, गनियारी, करगी रोड, बेलगहना, पेंड्रारोड, पेंड्रा, मरवाही तक, बिलासपुर से मस्तूरी, जयरामनगर, गोपालनगर, नरियरा, पामगढ़, खरोद, शिवरीनारायण, बिर्रा, बम्हनी बाजार, जैजैपुर तक, बिलासपुर से आरएस, चकरभाठा, बिल्हा, पथरिया, तखतपुर, मुंगेली, लोरमी तक शामिल है।

## जान बचाने के लिए चालक ने रेलवे लाइन पर चढ़ा दी कार



**कोरबा।** सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत टीपी नगर से सीएसईबी की ओर जा रही एक फॉर्च्यूनर कार के चालक द्वारा लापरवाहीपूर्वक अपने वाहन को चलाते विपरीत दिशा से जा रही थी, वाहन काफी तेज थी जिस वजह से सीएसईबी चौक से आ रही एक चार पहिया वाहन से टक्कर होते बची। इस दौरान सीएसईबी चौक तरफ से आ रही चार पहिया वाहन अपनी जान बचाने के चक्कर में बांया ओर रेलवे लाइन की ओर अपनी कार घुसा दी जिसके कारण कार में सवार लोगों को मामूली चोटे आयी हैं। वहीं फॉर्च्यूनर कार का चालक वाहन को लेकर वहां से फरार हो गया।

## परियोजना से 41 एचईएमएम ऑपरेटरों का स्थानांतरण करें निरस्त : महंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इंटक एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र के अध्यक्ष बीएल महंत ने क्षेत्रीय महाप्रबंधक, एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र को पत्र लिख कर ध्यानाकृष्ट कराते हुए मांग किया है कि एसईसीएल कुसमुण्डा परियोजना जो विश्व की चौथीं सबसे बड़ी कोयला खदान है, जिसने बीते वर्ष 2025-26 में इतनी विषम परिस्थितियों में भी कुसमुण्डा के कर्मचारियों के कर्मठता से 32.70 मिलियन टन कोयला उत्पादन प्राप्त किया है, एसईसीएल प्रबंधन द्वारा श्रम संघ के संज्ञान में कई बार लाया है कि एसईसीएल कुसमुण्डा परियोजना में वर्तमान समय में एचईएमएम ऑपरेटर श्रमशक्ति की कमी है, जिसके कारण मशीने खड़ी रहती हैं, खदान में मशीनों की उपलब्धता तो है, परंतु उन मशीनों का उपयोग नही हो पा रहा है, जो चिंतनीय विषय है।

पत्र में उन्होंने उल्लेख किया है कि कुसमुण्डा परियोजना जितने मिलियन टन का मेगा परियोजना है, उस हिसाब से यहाँ सुविधाओं की कमी है, बावजूद इसके कुसमुण्डा के कर्मचारी पूरी ईमानदारी और निष्ठा से अपनी डियूटी एवं कम्पनी की सेवा कर रहे हैं। श्रमिक नेता महंत ने पत्र में आगे लिखा है कि हाल ही में एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर द्वारा प्रशासनिक स्थानांतरण आदेश जारी किया गया है, जिसमे कुसमुण्डा परियोजना के 34 डम्पर ऑपरेटर एवं 07 ड्रिल ऑपरेटर कुल 41 ऑपरेटरों का स्थानान्तरण गेवरा क्षेत्र किया गया है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है, कुसमुण्डा में ऑपरेटरों की कमी के कारण एचईएमएम मशीने ख़डी हो जा रही हैं, और यहाँ से ऑपरेटरों को अन्य क्षेत्र स्थानांतरण कर देना बिल्कुल भी सही नही है। इंटक यूनियन के नेता बीएल महंत ने जारी स्थानांतरण आदेश तत्काल निरस्त करने हेतु पत्र लिखकर मांग की है, ताकि कुसमुण्डा के इस वर्ष 2026-27 के उत्पादन एवं उत्पादकता प्रभावित न हो और उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।

## प्राधिकृत अधिकारी पर पद न छोड़ने और धन के दुरुपयोग की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कोरबी में प्राधिकृत अधिकारी के पद को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। ग्रामीणों ने विनोद कंवर पर नियमों की अनदेखी करते हुए पद नहीं छोड़ने और समिति के धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। इस संबंध में कलेक्टर कोरबा को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की गई है।

बताया जा रहा है कि विनोद कंवर मूल रूप से आदिम जाति सेवा सहकारी समिति ढोलपुर के किसान हैं। पहले ढोलपुर, कोरबी समिति के अंतर्गत आश्रित ग्राम था, जिसके चलते उन्हें प्राधिकृत अधिकारी बनाया गया था। बाद में शासन द्वारा ढोलपुर को अलग कर नई आदिम जाति सेवा सहकारी समिति का गठन कर दिया गया। ऐसे में नियमानुसार उन्हें कोरबी समिति के प्राधिकृत अधिकारी पद से हट जाना चाहिए था। ग्रामीणों का कहना है कि इसके बावजूद वे पद पर बने हुए हैं और समिति के कार्यों में हस्तक्षेप कर रहे हैं, जो नियमों के विपरीत है। ज्ञापन में मांग की गई है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर उन्हें पद से हटाया जाए और आवश्यक दंडात्मक कार्रवाई की जाए। इस मामले ने क्षेत्र में प्रशासनिक पारदर्शिता और नियमों के पालन को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## जिले को नशामुक्त बनाने ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगी नशामुक्ति रैलियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता के तहत जिले में अवैध शराब के विक्रय, संग्रहण और परिवहन पर अंकुश लगाने तथा जनमानस को जागरूक करने हेतु एक विशेष नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिले की चिन्हित ग्राम पंचायतों में भव्य रैलियों का आयोजन किया जाएगा, ताकि समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया जा सके।

**खास बात**
- कलेक्टर ने निर्धारित तिथियों में रैलियों का आयोजन शाम 4 बजे से करने निर्देशित किया है

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर रैलियों का आयोजन निर्धारित तिथियों पर शाम 4 बजे से किया जाएगा। रैलियों के सफल क्रियान्वयन हेतु जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, भारत माता वाहिनी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों और ग्राम पंचायतों के प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ समन्वय स्थापित कर उत्तरदायित्व सौंपे गए हैं। प्रशासन द्वारा रैली स्थल पर रूट निर्धारण, साउंड सिस्टम, पेयजल और स्वल्पाहार जैसी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। नशामुक्ति अभियान के तहत जनपद पंचायत के ग्राम नकटीखार में 28 अप्रैल को रैली निकाली जाएगी। इसके पश्चात जनपद पंचायत कटघोरा के ग्राम तेलसरा में 30 अप्रैल को आयोजन होगा। मई माह के अंतराल के बाद, जनपद पंचायत पाली के ग्राम नुनेरा में 15 जून को और जनपद पंचायत पोडी-उपरोड़ा के ग्राम मल्दा में 22 जून को रैलियाँ आयोजित की जाएंगी। अभियान के इस चरण का समापन जनपद पंचायत करतला के ग्राम गिधौरी में 29 जून को आयोजित होने वाली रैली के साथ होगा।

जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे इन रैलियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और नशामुक्त कोरबा के निर्माण में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करें।

## पृष्ठ 1 का शेष

### शिवपुर फुलवारी...

डालते हुए कहा कि ये धरोहरें हमारे इतिहास, भाषा और संस्कृति को समझने का आधार हैं। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने लगभग 60 वर्षों तक पांडुलिपियों को संरक्षित कर रखा है। उन्होंने ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व को समझने, अपनी सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने तथा समाज और अपने जन्मस्थान के विकास के लिए सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ग्राम फुलवारीपारा में बिताए अपने बचपन की स्मृतियाँ भी साझा कीं।डिप्टी कलेक्टर टी.आर. भारद्वाज ने जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से अपील की कि जिले में मौजूद प्राचीन पांडुलिपियों को नष्ट होने से बचाने के लिए चलाए जा रहे इस सर्वेक्षण अभियान में सहयोग प्रदान करें। वहीं जिला समन्वयक सतीश प्रकाश सिंह ने उपस्थित लोगों को "ज्ञानभारतम" एप डाउनलोड करवाते हुए पांडुलिपियों के डिजिटल संरक्षण की प्रक्रिया विस्तार से समझाई और सभी से आग्रह किया कि क्षेत्र में उपलब्ध प्राचीन धरोहरों को डिजिटल रूप में सुरक्षित करने में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

### महिला आरक्षण...

प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा 1989 में पेश किए गए विधेयक, 1993 में पीवी नरसिम्हा राव द्वारा पारित संशोधन और 2010 में डॉ. मनमोहन सिंह सरकार द्वारा राज्यसभा में पारित विधेयक का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने में कांग्रेस की निर्णायक भूमिका रही है। पत्रकार वार्ता में रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया, कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष मुकेश राठौर, मनोज चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र जायसवाल, पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, नगर पालिका निगम कोरबा के नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, पार्षद रवि चंदेल, पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता लक्ष्मी नारायण देवांगन, पूर्व जिला अध्यक्ष सपना चौहान, रेखा त्रिपाठी, द्रौपदी तिवारी, एफ डी मानिकपुरी, पार्षद बद्री किरण, मस्तुल कंवर, सुभाष राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

TRILOKI PUBLIC SCHOOL
KATGHORA (C.G.)
(Affiliated to CBSE)
REQUIRES
1. Teachers
PGT: English, Biology, Computer Science
TGT - English, SST, Sanskrit
PRT - English
(Trained Graduate/P.G. with B.Ed Preferred)
2. Music Teacher
With relevant qualification
Walk-in Interview on
29, 30 Apr & 1 May 2026 at 8:30 AM
Principal
Contact No.: 7224903339

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 27 अप्रैल 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 पारा 43 डिग्री पर, ट्रांसफार्मर पर बढ़ने लगा लोड, आ रही ट्रिपिंग



# पाली के शिवपुर फुलवारीपारा में मिली 368 वर्ष पुरानी पांडुलिपि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के तहत जिले में संचालित व्यापक सर्वेक्षण के दौरान 26 अप्रैल को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आई। पाली विकासखंड के दूरस्थ ग्राम शिवपुर फुलवारीपारा में सर्वेक्षण के दौरान सन 1658 की 368 वर्ष पुरानी हस्तलिखित प्राचीन पांडुलिपियाँ प्राप्त हुईं, जिनका डिजिटल संरक्षण ज्ञानभारतम एप के माध्यम से किया गया।

अलग खबर

जिला समन्वयक सतीश प्रकाश सिंह ने मौके पर ही मोबाइल के जरिए इन पांडुलिपियों के फोटो अपलोड कर उन्हें डिजिटल रूप में सुरक्षित किया। इस अभियान के अंतर्गत कुल 25 प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपियों का सर्वेक्षण कर उनका डिजिटलीकरण पूर्ण किया गया।

## ज्ञान भारतम एप से किया गया डिजिटल संरक्षण

**खास बातें**

- अभियान के तहत कुल 25 प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपियों का किया गया सर्वेक्षण



इन पांडुलिपियों में सन 1658 में गोपाल मिश्र द्वारा लिखित औरंगज़ेब कालीन साहित्यिक ग्रंथ खूब तमाशा, वर्ष 1829 में मनीराम अग्रवाल द्वारा रचित नासकेतु ग्रंथ, वर्ष 1831 में तैयार की गई वैदेकीय पोथी तथा वर्ष 1852 में गोस्वामी जनार्दन भट्टाचार्य द्वारा लिखित वेदारत्न पंच प्रकाश जैसे महत्वपूर्ण ग्रंथ शामिल हैं। ये सभी दुर्लभ पांडुलिपियाँ देवनागरी लिपि और संस्कृत भाषा में लिखी गई हैं, जो क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण प्रमाण हैं। इस ऐतिहासिक पहल के अंतर्गत पाली ब्लॉक के ग्राम पंचायत शिवपुर के फुलवारीपारा स्थित माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भाषाविद आचार्य डॉ. रमेन्द्र नाथ मिश्र, जो छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग एवं छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष रहे हैं, विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से डिप्टी कलेक्टर टी.आर. भारद्वाज, तहसीलदार भूषण सिंह मंडावी तथा ज्ञानभारतम मिशन के जिला समन्वयक सतीश प्रकाश सिंह ने शाल एवं श्रीफल भेंट कर आचार्य मिश्र का सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आचार्य डॉ. रमेन्द्र नाथ मिश्र ने प्राचीन पांडुलिपियों के महत्व पर प्रकाश ⏭ शेष पेज 2 पर

## खबर संक्षेप

### सीएससी केंद्रों में निःशुल्क होगी ई-केवाईसी

**कोरबा।** महतारी वंदन योजना के सभी पात्र हितग्राहियों को सूचित किया जाता है कि शासन के निर्देशानुसार 30 जून तक जिले के चिन्हांकित सी.एस.सी. केंद्रों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की आईडी के माध्यम से ई-केवाईसी का कार्य व्हीएलई/आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा निःशुल्क किया जाएगा। ई-केवाईसी की सुविधा हेतु सभी चॉइस/सी.एस.सी. केंद्रों में लैपटॉप एवं बायोमेट्रिक डिवाइस उपलब्ध कराए गए हैं। योजना के अंतर्गत कार्यरत सीएससी-व्हीएलई को सीएससी-एसपीव्ही कार्यालय रायपुर के माध्यम से प्रति पूर्ण कार्य 9.84 रुपये का कमीशन सीधे उनके बैंक खाते में प्रदान किया जाएगा। हितग्राही अपना ई-केवाईसी आधार कार्ड एवं महतारी वंदन योजना पंजीयन आईडी के साथ नजदीकी सी.एस.सी. केंद्र में जाकर करवा सकते हैं। इसके लिए किसी प्रकार के प्रिंटआउट या आधार कार्ड की फोटोकॉपी जमा करने की आवश्यकता नहीं है। अपनी महतारी वंदन योजना आईडी की जानकारी हेतु हितग्राही अपने क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क कर सकते हैं।

### एचपीवी वैक्सीनेशन सीएचसी में निःशुल्क उपलब्ध

**कोरबा।** महिलाओं में होने वाले गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल कैंसर) से बचाव के लिए प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से 17 मार्च से जिले के सामु. स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा, करतला, पाली, पोड़ी उपरोड़ा, स्व. बिसाहू दास स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय संबंद्ध चिकित्सालय कोरबा तथा रानी धनराज कुंवर शहरी सामु. स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा में एचपीवी वैक्सीनेशन निःशुल्क किया जा रहा है। यह टीका विशेषकर किशोरियों के लिए प्रभावी माना जाता है। टीकाकरण के लिए वही किशोरियां पात्र हैं जिन्होंने 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो, लेकिन 15 वर्ष का जन्मदिन न मनाया हो। आयु प्रमाण पत्र के लिए आधारकार्ड या अन्य फोटो पहचान पत्र मान्य होगा । पहचान पत्र उपलब्ध नहीं होने की स्थिती में अभिभावक द्वारा हस्ताक्षरित शपथपत्र भी मान्य किया जावेगा। टीकाकरण के पश्चात लाभार्थियों का पंजीयन यू- विन पोर्टल पर किया जावेगा और उन्हें डिजिटल प्रमाणपत्र प्रदान किया जावेगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन.केशरी ने सभी अभिभावकों से अपील किया है कि वे अपनी पुत्रियों जो 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो, लेकिन 15 वर्ष का जन्मदिन न मनाया हो उनका एचपीवी टीकाकरण अपने क्षेत्र के सामु. स्वा. केन्द्र, स्व. बिसाहू दास स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय संबंद्ध चिकित्सालय कोरबा तथा रानी धनराज कुंवर शहरी सामु स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा में ले जाकर अवश्य करावें।

### उप निर्वाचन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 को सुचारू ढंग से संपन्न कराने के लिए विभिन्न शाखाओं के संपादन हेतु नोडल-सहायक नोडल अधिकारी नियुक्ति एवं सहयोगी कर्मचारियों की भी नियुक्ति कर दायित्व सौंपे है। जारी आदेश के अनुसार नगरीय क्षेत्र एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन हेतु निर्वाचन के संपूर्ण वैधानिक दायित्वों का निर्वहन/पर्यवेक्षण एवं जानकारियों का प्रेषण, प्रभारी अधिकारियों से समन्वय, आवक जावक, फैक्स पत्रों का आदान-प्रदान, नस्ती संधारण, निर्वाचन की अधिसूचना, स्टेण्डिंग कमेटी/राजनैतिक दलों अभ्यर्थियों/मीडिया की निर्धारित बैठकों का आयोजन, समस्त प्रकार की निविदाएं, शिकायत सेल-प्राप्त शिकायत से संबंधित समस्त कार्यवाही एवं राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुक्रम में इसशाखा से संबंधित समस्त कार्य एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए कार्योको भी देखेंगे।

## गर्मी के मद्देनजर राज्य शासन ने समय में किया है बदलाव

# खाद्य विभाग की पीडीएस दुकानें अब सुबह व शाम दोनों समय खुलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गर्मी के मद्देनजर खाद्य विभाग के पीडीएस दुकानों के संचालन के समय को लेकर नए निर्देश जारी हुए हैं। दोपहर में दुकान का संचालन करने वाले संचालक अब केवल सुबह व शाम को ही दुकान खोल सकेंगे। इसके साथ ही हर दुकान में पानी की सुविधा के साथ प्राथमिक उपचार बाक्स भी रखना होगा।

**खास बात**

- हर दुकान में पानी की सुविधा देने के हैं निर्देश

प्रदेश में पड़ रही तेज गर्मी को लेकर स्कूल बंद करने के साथ आंगनबाड़ी के समय में भी बदलाव किया गया है और अब पीडीएस दुकान के खोलने के समय को लेकर भी समय निर्धारित किया गया। अब दुकानें सुबह व शाम दोनों टाइम खुलेंगी। इस निर्देश के तहत सुबह 8 से 12 एवं शाम को 4 से 7 बजे तक का समय तय किया गया है। पीडीएस दुकानों में दुकान संचालक को अब हितग्रारियों के लिए पानी की सुविधा रखनी होगी। ऐसा इसलिए किया गया है कि अधिकांश दुकानों का संचालन एक ही समूह या समिति के द्वारा किये जा रहे थे। संचालकों के द्वारा एक साथ तीनों जगह की दुकानों का संचालन नहीं किया जाता था। संचालक अपनी मर्जी के हिसाब से दुकानें चला रहे थे। उनकी इस मनमर्जी के कारण कई स्थानों में दोपहर में भी पीडीएस दुकानें खुली रहती थी। इस निर्देश के बाद दो से अधिक दुकान का संचालन करने वाले पीडीएस दुकानदार अब तीनों जगह की दुकानें शासन द्वारा तय किए गए समय के अनुसार चलाएंगे। जिले में शहरी क्षेत्र में तो दुकानों का संचालन दोपहर में होता नहीं दिख रहा है। किन्तु ग्रामीण अंचलों में दोपहर में संचालन जरूर किया जा रहा है। ऐसी स्थिति शहरी क्षेत्र के समितियों के द्वारा ग्रामीण अंचल की दुकानों को आबंटन में दिये जाने की वजह से निर्मित हुई है।



### चल रहा है समायोजन का खेल

निरस्त हुई दुकानों को उसी समितियों में समायोजन करने का खेल भी बड़े सुनियोजित ढंग से किया जा रहा है। खाद्य विभाग के द्वारा ऐसी पीडीएस दुकानें जिनमें अनियमितता पाई जा रही है, उन्हें निलंबित कर दूसरे समूहों को संचालन के लिए सौंपा जा रहा है और ये समूह उस गांव से न होकर शहरी क्षेत्र के हैं। जबकि नियम के तहत शहरी क्षेत्र के किसी भी प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार या महिला समूह को ग्रामीण अंचल की दुकानों के संचालन की जिम्मेदारी नहीं दी जा सकती। किन्तु खाद्य विभाग के मिली भगत की वजह से शहरी क्षेत्र के प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार के द्वारा ग्रामीण अंचल की दुकानों का संचालन समायोजन के आधार किए जाने की जानकारी सामने आई है। ऐसे प्राथमिक उपभोक्ता भंडार संचालकों के द्वारा ग्रामीण अंचलों में दोपहर में दुकान खोली जा रही है। पूर्व में ऐसे मामलों को लेकर शिकायत भी हो चुकी है। इसके बावजूद समायोजन का खेल चल रहा है।

### पंचायतों में भंडारण की जगह नहीं

वर्तमान में कई ग्राम पंचायत ऐसी हैं जिनके द्वारा पीडीएस दुकानों का संचालन किया जा रहा है। जिनके खाद्यान्न का भंडारण पंचायत के कमरों में ही किया गया है। ऐसे में भंडारण के लिए जगह की समस्या पंचायतों के सामने खड़ी हो गई है। इसी तरह की समस्या सहकारी समितियों के सामने भी आई है। जहां खाद बीज के भंडारण के लिए गोदाम में जगह नहीं बची है। पीडीएस के खाद्यान्न का भंडारण किए जाने की वजह से समिति संचालक खाद-बीज के भंडारण हेतु गांव में ही जगह तलाश रहे हैं।

# सूने मकान को चारों ने बनाया निशाना, लाखों का माल पार



इस तरह चोरों ने आलमारी को तोड़कर किया चोरी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

एक परिवार शादी समारोह में शामिल होने के लिए पास के गांव में गए हुए थे। इस दौरान सूनेपन का फायदा उठाते हुए चोरों ने घर में रखे अलमारी को तोड़कर सोने चांदी की जेवराज सहित 80 हजार रुपए नगर सहित लाखों का माल पार कर दिया है। जब परिवार के सदस्य शादी से अपने घर लौटे तो उन्हें अपने घर का ताला टूटा मिला। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है।

**खास बात**

- उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम छातापाठ का मामला, शादी समारोह में गया था परिवार

उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छातापाठ निवासी ओम कुमार पटेल पिता पितम्बर पटेल ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने उसके सूने मकान में धावा बोलकर लाखों कीमती जेवरात सहित घरेलू सामानों की चोरी की वारदात हुई है। बताया जाता है कि शनिवार को परिवार के सभी सदस्य शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाहर गए हुए थे। चोरों ने मौके का फायदा उठाकर घर में रखे टीवी, इंडक्शन चूल्हा, करीब 30 तोला चांदी की एक जोड़ी पायल, तीन लॉकेट तथा लगभग 80 हजार रुपये नगद राशि की चोरी हुई है। मामले पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी में जुट गई है।

# पुरानी सेवा की गणना पर हाईकोर्ट का फैसला, शिक्षकों में उम्मीद की किरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हाईकोर्ट के डबल बेंच द्वारा पुरानी सेवा की गणना से संबंधित दिए गए महत्वपूर्ण निर्णय का शिक्षकों में व्यापक स्वागत किया जा रहा है। इस फैसले को शिक्षक हित में बड़ा और सकारात्मक कदम बताते हुए शिक्षक संगठनों ने इसे वर्षों से लंबित मांगों की दिशा में निर्णायक पहल करार दिया है।

**खास बात**

- हाईकोर्ट द्वारा जारी आदेश शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा और उनके साथ न्याय सुनिश्चित करने वाला है

शालेय शिक्षक बिलासपुर संघ के संभाग अध्यक्ष भवदीप कुमार दुबे ने इस निर्णय पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह आदेश शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा और उनके साथ न्याय सुनिश्चित करने वाला है। उन्होंने बताया कि लंबे समय से शिक्षक अपनी पूर्व सेवाओं की गणना को लेकर संघर्ष कर रहे थे, जिससे उनकी वरिष्ठता, वेतनमान और अन्य सेवा लाभ प्रभावित हो रहे थे। ऐसे में हाई कोर्ट का यह निर्णय शिक्षकों के लिए राहत भरा साबित होगा। श्री दुबे ने राज्य शासन से मांग करते हुए कहा कि कोर्ट के इस आदेश के अनुरूप जल्द से जल्द स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं ताकि प्रदेश भर के शिक्षकों को इसका सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि यदि शासन स्तर पर त्वरित कार्रवाई होती है तो हजारों शिक्षकों की लंबित समस्याओं का समाधान हो सकेगा और उनमें विश्वास भी बढ़ेगा। शिक्षक संगठनों का मानना है कि इस फैसले के बाद अब शासन की जिम्मेदारी बनती है कि वह संवेदनशीलता दिखाते हुए आदेश का शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित करे। इससे न केवल शिक्षकों को आर्थिक और सेवा संबंधी लाभ मिलेगा, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में भी सकारात्मक माहौल बनेगा। हाई कोर्ट के इस फैसले ने शिक्षकों के बीच नई उम्मीद जगाई है और अब सभी की निगाहें शासन के आगामी कदमों पर टिकी हुई हैं।

# छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक उत्पादन से संबंधित मंडी निरीक्षक परीक्षा में पूछा गया सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के 32 केन्द्रों में आयोजित मंडी निरीक्षक परीक्षा में गणित से संबंधित प्रश्नों ने छात्रों को जरूर उलझाया। छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक उत्पादन से संबंधित सवाल ही पूछे गए। इसके अलावा संस्कृति से संबंधित सवाल भी पूछे गए थे।

**खास बात**

- जिले के 32 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गई मंडी निरीक्षक की परीक्षा

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं का संचालन शुरू कर दिया गया है। मंडी निरीक्षक परीक्षा का आयोजन जिले के शहरी व ग्रामीण अंचल में बनाए गए परीक्षा केन्द्रों में सुबह 10 बजे से शुरु हुई। इसके लिए परीक्षार्थियों को एक घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्रों में पहुंचना अनिवार्य था। तेज गर्मी के बीच दूर दराज से आए छात्र 8.30 बजे से ही परीक्षा केन्द्र पहुंच चुके थे। शहरी क्षेत्र के सभी परीक्षा केन्द्रों में व्यवस्थाएं ठीक नजर आई। ग्रामीण अंचलों में बने परीक्षा केन्द्रों में जरूर दिक्कतों का सामना परीक्षार्थियों को करना पड़ा। शहरी के कुछ परीक्षार्थियों को तिलकेजा परीक्षा केन्द्र आबंटित किया गया था। इसी तरह भैसमा व तुमान के परीक्षार्थियों को बालकोनगर के परीक्षा केन्द्र आबंटित किए जाने से उन क्षेत्रों के परीक्षार्थी सुबह 8 बजे से नगर में पहुंच चुके थे।



परीक्षा देकर केंद्र से परीक्षा देकर निकलते परीक्षार्थी।

### 3 हजार से अधिक परीक्षार्थी रहे

मंडी निरीक्षक परीक्षा के लिए कुल 9790 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें 6583 परीक्षार्थियों ने ही परीक्षा दिलायी। 3207 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले परीक्षार्थियों की संख्या व्यापमं की परीक्षाओं में पिछले कुछ दिनों से लगातार बढ़ रही है। जबकि इसके लिए व्यापमं की एक बड़ी राशि प्रश्न पत्रों के प्रिंटिंग में खर्च होती है। और ऐसी परीक्षाओं में हजारों की संख्या में परीक्षार्थियों के अनुपस्थित रहने से व्यापमं के उपर बढ़ते खर्च को लेकर भी सरकार चिंतित नजर आ रही है।

## पीसीसी द्वारा अधिकृत प्रभारी रश्मि सिंह की प्रेस वार्ता

# महिला आरक्षण पर झूठा भ्रम फैला रही भाजपा : रश्मि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महिला आरक्षण के मुद्दे पर जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा अधिकृत प्रभारी व तखतपुर की पूर्व विधायक डॉ. रश्मि आशीष सिंह ने भाजपा सरकार की नीतियों पर तीखे सवाल खड़े की हैं। उन्होंने कहा कि जब महिला आरक्षण को लेकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 संसद के दोनों सदनों में पारित हो चुका है और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की मंजूरी के बाद यह कानून बन चुका है, तो फिर इसे तत्काल लागू क्यों नहीं किया जा रहा है। क्या महिलाओं को उनका अधिकार देने में अब भी कोई बाधा है या फिर जानबूझकर इसे टाला जा रहा है।

उन्होंने भाजपा नेताओं पर आरोप लगाते हुए कहा कि देशभर में यह प्रचारित किया जा रहा है कि कांग्रेस ने महिला आरक्षण बिल का समर्थन नहीं किया, जबकि वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है। जब संसद में बिल पारित हो चुका है, तो फिर यह भ्रम क्यों फैलाया जा रहा है। उन्होंने 16 अप्रैल को संसद में प्रस्तुत 131वें संविधान संशोधन विधेयक पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यदि यह विधेयक वास्तव में महिला आरक्षण के लिए था, तो इसमें लोकसभा सीटों को 850 तक बढ़ाने, राज्यों में 815 और केंद्र शासित प्रदेशों में 35 सीटों के प्रस्ताव की जरूरत क्यों पड़ी। परिसीमन के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि जब देश में 2026-27 की जनगणना शुरू होने वाली है और सरकार स्वयं जाति जनगणना की बात कर चुकी है तो फिर 2011 की जनगणना को आधार बनाकर परिसीमन करने की जल्दबाजी क्यों है। क्या पुराने आंकड़ों के आधार पर नई राजनीतिक संरचना तैयार करना न्यायसंगत है या फिर इसके पीछे कोई और मंशा काम कर रही है।



प्रेसवार्ता को संबोधित करते पूर्व विधायक रश्मि सिंह।

उन्होंने यह भी पूछा कि यदि महिला आरक्षण को वास्तव में लागू करना है तो वर्तमान सीटों पर ही 33 प्रतिशत आरक्षण क्यों नहीं दिया जा रहा। क्या इसके लिए परिसीमन का इंतजार अनिवार्य है या यह केवल एक बहाना बन चुका है। कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल इसके लिए तैयार हैं, फिर सरकार पीछे क्यों हट रही है। महिला कांग्रेस की शहर अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी ने कहा कि सरकार चाहे तो नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 में संशोधन कर इसे तत्काल प्रभाव से लागू कर सकती है, जबकि वर्तमान व्यवस्था के अनुसार यह 2034 से लागू होने की बात कही जा रही है। वहीं ग्रामीण अध्यक्ष श्रीमती प्रभा तंवर ने कांग्रेस की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी शुरू से ही महिला आरक्षण की पक्षधर रही है। पंचायतों और नगरीय निकायों में महिलाओं को जो आरक्षण मिला है, वह कांग्रेस की नीतियों का परिणाम है। उन्होंने पूर्व ⏭ शेष पेज 2 पर

### डीपीएड-बीपीएड में एडमिशन की प्रक्रिया शुरु

**कोरबा।** शारीरिक शिक्षा में प्रशिक्षण पाने की चाह रखने वाले विभागीय शिक्षकों के लिए इस बार चयन की सबसे बड़ी कसौटी दौड़ लगानी होगी। लोक शिक्षण संचालनालय ने डीपीएड और बीपीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी है। निर्देश के अनुसार, चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा नहीं बल्कि साक्षात्कार के साथ प्रायोगिक परीक्षण होगा। जिसमें सौ मीटर दौड़ अनिवार्य रखी गई है, जो मेरिट बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। इसके अलावा कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, हैंडबॉल और बैडमिंटन जैसे खेलों में भी अभ्यर्थियों के कौशल का आकलन किया जाएगा। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई है। चयन के लिए 19 जून को संभावित शारीरिक दक्षता परीक्षण होगा।

## खबर संक्षेप



### सर्व यादव समाज की नेवसा में आयोजित हुई बैठक

**कोरबा।** सर्व यादव समाज का ग्राम नेवसा हरदीबाजार में शिवलाल यादव के निवास स्थान मे बैठक संपन्न हुआ। जिसमें यादव सामाजिक संगठनात्मक विचार विमर्श किया गया था। जिसमें वर्ग वाद के भेद को भुलाकर संगठन विस्तार कर एक मंच में लाना है। यादव समाज के संगठन को मजबूत कर नशा उन्मूलन नशा मुक्ति अभियान सामाजिक क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में आर्थिक क्षेत्र में सांस्कृतिक क्षेत्र में एवं राजनीतिक क्षेत्र में यादव समाज में विकास हो इस उद्देश्य को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में सर्व यादव समाज का बैठक चल रहा है। जिसमें यादव समाज के पदाधिकारी एवं सदस्यगण अनुपस्थित थे। बैठक में नत्थूलाल यादव जिला अध्यक्ष, श्रीमती गीता यादव जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, सत्यनारायण यादव उपाध्यक्ष, विनोद यादव महामंत्री, कमल नारायण यादव सचिव, श्रीमती शांति यादव महामंत्री, श्रीमती सुनीता यादव संगठन महामंत्री, बजरंग यादव ब्लॉक अध्यक्ष, सतीश यादव, कोषाध्यक्ष भुवन यादव, विनय यादव, शारदा यादव, पुरंदर यादव, रामकुमार यादव, सतीश यादव एवं अन्य यादव बंधु उपस्थित रहे।

### चैतराम बने हरदीबाजार मंडल महामंत्री



**हरदीबाजार।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल हरदी बाजार ने अपने मंडल कार्यकारिणी की सूची घोषित किया है। जिसमें संगठनात्मक निर्देशों के अनुसार गोपाल मोदी जिला अध्यक्ष भाजपा व अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेश लहरे एवं मंडल अध्यक्ष कृष्णा पटेल व अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष के अनुशंसा पर हरदीबाजार निवासी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी चेतराम बघेल को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल हरदीबाजार में मंडल महामंत्री का दायित्व दिया गया है। चैतराम बघेल के वरिष्ठ सामाजिक व अनुभवी कार्यकर्ता होने का लाभ पार्टी व अनुसूचित जाति समाज को मिलेगा। विगत कई वर्षों से भाजपा के राजनीति में सक्रिय भूमिका निर्वहन कर रहे हैं।

### अरसेना क्रिकेट लीग का हुआ समापन, धनगांव बना चैंपियन



**कोरबा।** अरसेना गांव में आयोजित अरसेना क्रिकेट लीग का समापन हो गया। फाइनल मुकाबले में अरसेना टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 57 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य खड़ा किया। जवाब में धनगांव की टीम ने संयम, रणनीति और आक्रामक खेल का शानदार संतुलन दिखाते हुए 7 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और चैंपियन बनने का गौरव अपने नाम कर लिया। भले ही अरसेना टीम खिताब से चूक गई, लेकिन उनके खेल ने दर्शकों का दिल जीत लिया। अंतिम ओवर तक चले इस मुकाबले ने हर किसी की सांसें थाम दीं। टीम ने उपविजेता बनकर भी अपनी ताकत और खेल भावना का शानदार परिचय दिया। प्रतियोगिता में मैन ऑफ द मैच अमन, मैन ऑफ द सीरीज अमन कुमार, बेस्ट बॉलर अजय कुमार, कप्तान दीपक सिंह, उपकप्तान अमन कुमार को नवाजा गया। इस दौरान सरपंच पवन कुमारी मंझवार, उपसरपंच रामकली यादव तथा जनप्रतिनिधि बलराम यादव, दिनेश कुमार, किशोर कैवर्त, लखन भगत और विनोद लकड़ा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और विजेताओं को सम्मानित किया।

# उरगा, सरगबुंदिया, कोथारी रेलवे स्टेशन में बढ़ेंगी सुविधाएं

## 7.73 करोड़ रुपए होगा खर्च, अधिक से अधिक ट्रेनों को मिलेगा ठहराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के छोटे रेलवे स्टेशनों पर गुड्स ट्रेनों का दबाव साल दर साल बढ़ता ही जा रहा है। जिसके कारण यात्री ट्रेनों की राह कठिन होती जा रही है। स्टेशनों पर वर्षों पुरानी सुविधाएं वर्तमान स्थिति में अपर्याप्त हो गई हैं। जिसका असर यात्रियों पर सीधे पड़ रहा है। साथ ही साथ गुड्स ट्रेनों के परिचालन पर भी असर हो रहा है। ऐसे स्टेशनों पर अक्सर किसी न किसी गुड्स ट्रेन का ठहराव देखा जाता है। जिससे ट्रैक अवरुद्ध रहता है और रेल आवागमन सुगम नहीं हो पाता है। इन खामियों को दूर करते हुए अब छोटे हाल्ट स्टेशनों को भी फुल फंक्शनल स्टेशन बनाया जा रहा है। ऐसे स्टेशनों में अपग्रेडेशन के तहत कार्य कराए जाने की योजना बनायी गई है। जिसमें उरगा, सरगबुंदिया व कोथारी रेलवे स्टेशन शामिल हैं। इन स्टेशनों के अपग्रेडेशन से ज्यादा से ज्यादा ट्रेने वहां रुक सकेंगी, यात्री सुविधाएं बेहतर होंगी, साथ ही सुरक्षा और संचालन भी सुचारू होने लगेगा।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता/ चांपा के अधिकार क्षेत्र में आने वाले इन तीनों स्टेशन पर होने वाला काम 12 माह में पूरा कराया जाएगा। जिसकी प्रारंभिक प्रक्रिया रेलवे ने शुरू करा दिए हैं। उरगा, सरगबुंदिया, कोथारी रोड स्टेशन के अपग्रेडेशन एवं सुधार कार्य के लिए 7 करोड़ 73 लाख 38 हजार 167 रुपए की राशि आवंटित कर दी गई है। कार्य कौन करेगा इसकी तलाश संबंधित विभाग द्वारा की जा रही है। एसईसीआर बिलासपुर के सीनियर डीसीएम अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि कोरबा-चांपा के बीच अनेक कार्य कराए जाने हैं, कुछ काम चल भी रहे हैं। स्टेशनों की दशा बदली जा रही है।




### पुराने भवनों का हो रहा नवीनीकरण

उरगा सहित तीनों रेलवे स्टेशनों की चौड़ाई बढ़ाने का काम काफी पहले से चल रहा है। पहले ये स्टेशन तीन प्लेटफार्म वाले थे। अब इसकी संख्या बढ़ाई जा रही है। उरगा में पांच प्लेटफार्म बन चुका है। जिसके कारण पुराना स्टेशन भवन विस्तार की जद में आ गया है। अपग्रेडेशन के तहत नया भवन बनाया जा रहा है, ताकि यात्रियों को वहां से प्लेटफार्म तक जाने व वापस आने में किसी तरह की असुविधा न हो। इसके लिए सूचना और संचार व्यवस्था को बदला जारहा है। सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे, ट्रैक के पास सुरक्षित रास्ते, फुटओवर ब्रिज, दिव्यांगों के लिए रैंप, स्टेशन की साफ सफाई, सिग्नलिंग सिस्टम में सुधार कार्य किए जाएंगे।

## मेंटनेंस में दिन व रात कर्मचारी व अधिकरी हैं परेशान

# पारा 43 डिग्री पर, ट्रांसफार्मर पर बढ़ने लगा लोड, आ रही ट्रिपिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले का तापमान लगातार बढ़ता ही जा रहा है। तापमान लगभग 43 डिग्री के पास जा पहुंचा है। ऐसे में लोग भीषण गर्मी का सामना कर रहे हैं और गर्मी से बचने के लिए लोग अपने-अपने घरों में कूलर पंखा, एसी जैसे उपकरणों का लगातार इस्तेमाल कर रहे हैं। जिसके चलते सभी कॉलोनी में लगे ट्रांसफार्मर पर लोड लगातार बढ़ते जा रहा है साथ ही ट्रांसफार्मर की स्थिति और तारों की स्थिति भी बिगड़ती जा रही है। जिसके कारण लाइन ट्रीपिंग व पावर कट की समस्या सामने आने लगी है। लगातार पावर कट होने की वजह से आम लोग हलाकान हो रहे हैं। तो वही मेंटेनेंस की वजह से विद्युत वितरण विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी लगातार परेशान हैं।

उल्लेखनीय है कि जिले में तापमान 40 डिग्री करीब जा पहुंचा है और लगातार तापमान बढ़ता ही जा रहा है। तापमान से राहत पाने के लिए लोग ठंडे-ठंडे पेय पदार्थ सहित अन्य फलों का भी सहारा ले रहे हैं। इसके अलावा लोग गर्मी से बचने के लिए ज्यादातर अपने घरों में ही रह रहे हैं। खासतौर पर दोपहर के समय लोग अपने घरों में ही कैद हैं। ऐसे में लोग अपने-अपने घरों में एसी, कूलर पंखा संहिता उपकरणों का लगातार इस्तेमाल कर रहे हैं। साथ ही विभिन्न औद्योगिक व प्रतिष्ठानों सहित अन्य दुकानों में भी लगातार ऐसी, पंखा कूलर चल रहे हैं। जिसकी वजह से पावर ट्रांसफार्मर में लोड बढ़ता ही जा रहा है। अलग-अलग क्षेत्र में सब स्टेशन में पावर ट्रांसफार्मर लगाया गया है। गर्मी की वजह से ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ रहा है ऐसे में लोड को कैसे डिवाइड किया जाए इस दिशा पर विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। साथ ही लोड कम करने व भीषण गर्मी की वजह से पावर ट्रांसफार्मर व सब स्टेशन में पावर कट की समस्या सामने आ रही है। समस्या से लोगों को निजात मिल सके इसके लिए विद्युत विभाग द्वारा क्षेत्र में मेंटेनेंस का काम शुरू कर दिया गया है ताकि आने वाले दिनों में और भी परेशानियों का सामना करना पड़े। लेकिन जैसे-जैसे तापमान बढ़ते जा रहा है वैसे-वैसे विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की भी समस्या बढ़ती जा रही है। सुबह से देर रात तक अधिकारी कर्मचारी मेंटेनेंस में लगे हुए हैं। किसी न किसी इलाके में पावर कट की समस्या सामने आ रही है जिसकी वजह से ज्यादातर समय अधिकारी कर्मचारियों का समय मेंटेनेंस में ही गुजर रहा है। यदि आने वाले दिनों में पारा और चढ़ जाता है तो निश्चित तौर पर पावर कट की समस्या और बढ़ सकती है।



मेंटनेंस करते विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी।

### मेंटनेंस का किया जा रहा काम

लगातार तापमान बढ़ता ही जा रहा है जिसकी वजह से शहरी क्षेत्र में पावर ट्रांसफार्मर पर भी लोड बढ़ रहा है। गर्मी की वजह से कई इलाकों में ट्रांसफार्मर में लोड बढ़ने की वजह से ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही लोगों को पावर कट की समस्या का सामना ना करना पड़े इसके लिए मेंटेनेंस का शेड्यूल भी तैयार किया जा रहा है, साथ ही कई इलाकों में मेंटेनेंस का काम भी शुरु कर दिया गया है।

**-राजेश चौहान,** डीई विद्युत वितरण विभाग

### मेंटेनेंस का शेड्यूल हो रहा है तैयार

मेंटनेंस करने के साथ-साथ आने वाले दिनों में फ्री मानसून की दस्तक होगी और ऐसे में सबसे ज्यादा पावर कट की समस्या सामने आती है। खास तौर पर आंधी तूफान का सीजन शुरू होते ही सबसे ज्यादा पेड़ पौधे डंगाल विद्युत तार में गिर जाते हैं जिसकी वजह से घंटों लाइन बाधित रहती है। इस दौरान सबसे ज्यादा ही लोगों को बिजली की समस्या का सामना करना पड़ता था। विद्युत विभाग के अधिकारी गर्मी में आम लोगों को बेहतर विद्युत सुविधा मिल सके इसके लिए विद्युत विभाग के अधिकारी अलग-अलग जोन में मेंटेनेंस की शेड्यूल तैयार कर रहे हैं। ताकि मेंटेनेंस जल्द से जल्द खत्म किया जा सके साथ ही ट्री कटिंग का भी काम किया जाएगा।

# यातायात की टीम ने भारी वाहनों पर कसी नकेल, किया जुर्माना



कार्यवाही करती पुलिस की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

टीपी नगर इंदिरा आवासीय और व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स सहित टैगोर उद्यान के आसपास ट्रक चालक मार्ग बाधित कर सड़क पर ही अपने वाहनों को पार्किंग कर रहे हैं जिसकी वजह से आने जाने वाले लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय पार्षद व जनप्रतिनिधियों ने इसकी शिकायत की थी जिसके बाद यातायात पुलिस की टीम मार्ग पर पहुंची थी और बेतरतीब खड़े एक दर्जन से अधिक वाहनों को हटाने की कार्यवाही की है। साथ ही दुकानदारों को भी समझाइश दी गई है।

विजय टॉकीज और टैगोर उद्यान के आसपास मुख्यमार्ग पर वाहनों को अस्त व्यस्त पार्क कर देते हैं। मुख्य मार्ग के साथ-साथ टर्निंग पर भी ऐसी गाड़ियों को खड़ा कर देने से तस्वीर ऐसी हो गई है मानो यह पूरा क्षेत्र कोई यार्ड हो। कई बार तो जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। पुलिस अधीक्षक के समक्ष मामला सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर यातायात सउनि मनोज राठौर व उनकी टीम मौके पर पहुंची और मार्ग पर बेतरतीब खड़े किए गए वाहनों की जानकारी देने के साथ उनके मोबाइल नंबर के आधार पर लोगों की खोज की गई। ऐसी गाड़ियों को यहां से हटवाने के साथ पेनल्टी भी लगाई गई। इससे पहले यही समस्या ट्रांसपोर्ट नगर स्टेडियम से लेकर सीएसईबी चौक के मार्ग पर थी और इसके चलते आए दिन समस्या पैदा हो रही थी। पुलिस ने कहा है कि लोगों ने अपनी जरूरत के लिए गाड़ियां ली है तो वह उन्हें पार्क करने के लिए जगह जरूर तलाशें। अन्य स्थिति में नियम विरुद्ध कार्य किए जाने पर कार्रवाई करेंगे। इसके लिए पूरी जिम्मेदारी वाहन मालिकों की होगी।

### शराब पीकर एंबुलेंस चलना पड़ा महंगा




पुलिस द्वारा लगातार लोगों को समझाइए दी जा रही है कि शराब पीकर वाहन न चलाएं लेकिन इसके बाद भी कुछ लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। खास तौर पर एंबुलेंस चालक एक दिन पहले ही एंबुलेंस चालक के खिलाफ पुलिस ने कार्यवाही की थी जिसके बाद फिर से दूसरे दिन नया मामला फिर से सामने आया है। जहां एंबुलेंस चालक शराब के नशे में धुत्त होकर वाहन चलाते पाया गया। यातायात पुलिस के द्वारा लगातार कटघोरा अंबिकापुर मुख्यमार्ग में वाहन चेकिंग कर रही है। खास तौर पर शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर कार्रवाई की जा रही है। रविवार को इंटरसेप्टर वाहन के सउनि रामनारायण रात्रे व उनकी टीम बिलासपुर की ओर से आ रही है एंबुलेंस चालक को जब रोक कर जांच की गई तो एंबुलेंस का चालक अंबिकापुर निवासी अंकित टोप्पो शराब के नशे में धुत्त था फिर क्या था पुलिस ने तत्काल तो वाहन को जप्त कर लिया और चालक के खिलाफ धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई है।

# रात में संदिग्ध रूप से घूमने वाले 170 लोगों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में रात में बिना कारण के घूमने वाले संदिग्ध लोगों के विरुद्ध पुलिस ने धारा 128 के तहत पिछले 15 दिन में कुल 170 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए है। पुलिस ने बताया कि रात्रि में होने वाले चोरी एवं अन्य संपत्ति संबंधी अपराधों पर नियंत्रण एवं संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कार्यवाही की जा रही है। जिला पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि रात्रि में अनावश्यक रूप से बाहर न घूमें, आवश्यक होने पर अपने पहचान संबंधी दस्तावेज साथ रखें, पुलिस जांच के दौरान सहयोग करने की अपील की है। जिला पुलिस द्वारा रात्रि गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध इसी प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रखी जाएगी, ताकि जिले में कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा का वातावरण और अधिक मजबूत हो सके।



संदिग्धों से पूछताछ करती पुलिस।

# युवक ने फांसी लगाकर कर ली खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 20 वर्षीय युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदखुशी कर ली है। युवक ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है स्पष्ट नहीं हो पाया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला उरगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सरगबुंदिया की है। यहां निवासरत अमर उरांव 20 वर्ष पिता स्व मंगल उरांव ने अपने घर में फांसी लगा ली थी। जब परिजनों को पता चला तो उसे आनन फानन में अमर को फंदे से नीचे उतरकर उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच के बाद जो बात सामने आयी है उसके मुताबिक अमर 1 साल से शराब का आदि हो गया था और अचानक 15 दिन पहले ही शराब छोड़ दी थी, जिसके चलते वह काफी परेशान रहता था। संभावना जताई जा रही है कि इसी के चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया है। फिलहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## फेडरेशन के शिष्ट मंडल को अधिकारी से मिला शासन

# लाइन स्टाफ के खिलाफ गलत कार्रवाई को निरस्त करेंगे कार्यपालक निदेशक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी, बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक ए.के. अंबष्ट से 24 अप्रैल को छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन-01 के महासचिव आर.सी. चेट्टी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए शीघ्र निराकरण का आग्रह किया गया।

महासचिव आरसी चेट्टी ने बताया कि बिलासपुर क्षेत्र में कर्मचारियों के खेल एवं मनोरंजन के लिए पांच दशक पुराने जर्जर श्रम कल्याण केंद्र के स्थान पर आधुनिक खेल भवन के निर्माण का प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा जाना आवश्यक है। संगठन द्वारा कंपनी अध्यक्ष को भी सुझाव भेजा गया है। कार्यपालक निदेशक श्री अंबष्ट ने आश्वस्त किया कि प्रस्ताव शीघ्र मुख्यालय भेजा जाएगा। बैठक में पदोन्नति का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के आदेश के तहत वर्ष 2004 से कार्यरत वरिष्ठ एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पदोन्नति दी जा रही है, लेकिन बिलासपुर क्षेत्र के सैकड़ों कर्मचारी अब भी इससे वंचित हैं। इस पर श्री अंबष्ट ने मुख्यालय स्तर पर चर्चा कर शीघ्र सभी लंबित पदोन्नति आदेश जारी कराने का भरोसा दिलाया। फेडरेशन ने 4 जुलाई 2023 के कंपनी आदेश के बावजूद तकनीकी लाइन स्टाफ के खिलाफ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत की जा रही विभागीय जांच पर आपत्ति जताई। महासचिव ने स्पष्ट किया कि लाइन स्टाफ ट्रेड एस्टेब्लिशमेंट के अंतर्गत आता है और उन पर छत्तीसगढ़ औद्योगिक नियोजन स्थायी आदेश 1963 के प्रावधान लागू होते हैं। उन्होंने नियम विरुद्ध जांच एवं दी गई सजा को तत्काल निरस्त करने की मांग की। इस पर कार्यपालक निदेशक ने आश्वस्त किया कि ऐसी सभी जांच और सजा को निरस्त किया जाएगा तथा भविष्य में नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में अधीक्षण अभियंता कार्यालय के सुरेश जांगड़े भी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल में कोरबा से प्रांतीय पदाधिकारी सरोज राठौर, पवन दास तथा बिलासपुर से नरेश भावसार, आनंद देव तिवारी, समीर तिवारी, अंजुलेश बंजारे और घनश्याम पटेल शामिल थे।



कार्यपालन निदेशक से मिलते फेडरेशन के सदस्य।

